कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री बाबू लाल मीना पुत्र श्री जगदीश प्रसाद मीना निवासी खोहरा तहसील महवा जिला दौसा राज0 321612

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 44/2025

निर्णय दिनांक 13.06.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2025/1368 दिनांक 30.5.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा के द्वारा पत्र कमांकःभू0अ0/आर.टी.आई./2025/1719 दिनांक 12.6.2025 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:46:10 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा